Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to set up a railway line from Uttar Pradesh to Delhi via Kairana.

श्री प्रदीप कुमार चौधरी (कैराना): सभापति महोदय, मैं अपने संसदीय क्षेत्र कैराना से संबंधित महत्वपूर्ण विषय को उठाना चाहता हूं । मेरे संसदीय क्षेत्र का ज्यादातर हिस्सा रेलवे लाइन से वंचित है, जिसकी वजह से किसानों, व्यापारियों, मजदूरों, विद्यार्थियों और जनता को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है । मेरे क्षेत्रवासियों द्वारा लगातार नई रेल लाइन की मांग होती रही है, जिसमें सहारनपुर से पिलखनी वाया फंदपुरी, अम्बेटा, गंगो होते हुए झिंझाना, कैराना होते हुए पानीपत से दिल्ली तक रेलवे लाइन का निर्माण करना अति आवश्यक है।

महोदय, यह रूट उत्तर प्रदेश को हरियाणा से जोड़ते हुए दिल्ली तक जाता है, जिससे दिल्ली तक यात्रा करना काफी सरल हो जाएगा । उक्त रूट पर रेलवे लाइन बिछाने से चौमुखी विकास होगा और किसानों, मजदूरों, विद्यार्थियों, व्यापारियों के आवागमन में काफी सहूलियत हो जाएगी । मैं सरकार से मांग करता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र कैराना के इस महत्वपूर्ण विषय का संज्ञान लेते हुए नई रेलवे लाइन दी जाए।